2.

**बिहार सरकार**

**लघु जल संसाधन विभाग**

संचिका-प्र0-2/ल0ज0स0/बजट/प्राक्कलन(स्था0एवं प्रति0)-22/25 पटना, दिनांक-

**प्रेषक,**

**राजीव कुमार झा**
**सरकार के उप सचिव**

सेवा में,

**अतिमहत्वपूर्ण /ई0-मेल**

उप सचिव-सह- निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी,लघु जल संसाधन विभाग, पटना
अवर सचिव (मुख्यालय स्थापना), लघु जल संसाधन विभाग, पटना
अभियंता प्रमुख, लघु जल संसाधन विभाग, पटना
मुख्य अभियंता(योजना+अनुश्रवण+भूगर्भ) लघु जल संसाधन विभाग, पटना
मुख्य अभियंता, लघु जल संसाधन विभाग, पटना/मुजफ्फरपुर/भागलपुर
अधीक्षण अभियंता (मु0) योजना एवं स्थापना/अधीक्षण अभियंता (मु0) उड़नदस्ता/ अधीक्षण अभियंता (मु0) अनुश्रवण/ अधीक्षण अभियंता (मु0) रूपांकण/अन्वेषण/ गुण नियंत्रण, लघु जल संसाधन विभाग, पटना ।
सभी अधीक्षण अभियंता, लघु सिंचाई अंचल, बिहार ।
सभी कार्यपालक अभियंता,लघु सिंचाई प्रमंडल, बिहार ।

**विषयः-** **वित्तीय वर्ष-2026-27 का बजट प्राक्कलन एवं वित्तीय वर्ष 2025-26 का पुनरीक्षित प्राक्कलन तैयार कर प्रतिवेदन उपलब्ध कराने के संबंध में ।**

प्रसंगः- वित्त विभाग, बिहार पटना का पत्रांक-742 दिनांक-22.09.25

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के संबंध में कहना है कि वित्तीय वर्ष-2026-27 का बजट प्राक्कलन एवं वित्तीय वर्ष 2025-26 का पुनरीक्षित प्राक्कलन वित्त विभाग, बिहार पटना का पत्रांक-742 दिनांक-22.09.25 (छायाप्रति संलग्न) द्वारा दिये गये सामान्य दिशा निर्देश के आलोक में तैयार किया जाना है ।

वित्त विभाग, बिहार, पटना द्वारा प्रदत्त निदेश के आलोक में वित्तीय वर्ष-2026-27 का बजट प्राक्कलन एवं वित्तीय वर्ष 2025-26 का पुनरीक्षित प्राक्कलन भेजने के संबंध में स्थापना एवं प्रतिबद्ध व्यय तथा केन्द्रीय क्षेत्र स्कीम एवं पूँजीगत प्राप्ति का बजट प्राक्कलन तैयार कर वित्त विभाग को ससमय भेजा जाना है ।

अतः निदेशित किया जाता है कि वित्त विभाग, बिहार पटना का पत्रांक-742 दिनांक-22.09.25 में दिये गये सामान्य दिशा निदेश एवं विहित प्रपत्र के संदर्भ में **सम्पूर्ण आँकड़ा अंकित कर पूर्ण प्रतिवेदन के साथ-साथ पत्र के साथ संलग्न प्रपत्र-I एवं प्रपत्र-II को भी भरकर 7 दिनों में अविलम्ब विभाग को** उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाय, ताकि ससमय प्राक्कलन तैयार कर वित विभाग को समेकित रूप से भेजा जा सके ।

**ज्ञातव्य हो कि वित्त विभाग, बिहार, पटना के बेवसाईट-www.finance.bih. nic.in/ state. bihar. gov.in/ finance के होम पेज के Latest News में उक्त प्रासंगिक पत्र विहित प्रपत्र सहित डाउनलोड कर सकते है ।**

**कृपया इसे सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाय ।**

अनुलग्नकः-1. वित्त विभाग, बिहार पटना का पत्रांक-742 दिनांक-22.09.25
2. प्रपत्र-I एवं प्रपत्र-II

**विश्वासभाजन**
**ह0/-**
**(राजीव कुमार झा)**
**सरकार के उप सचिव**

ज्ञापांक- 7330 पटना, दिनांक- 26/9/25

**URGENT** प्रतिलिपिः-आई0टी0 मैनेजर,आई0टी0 कोषांग, लघु जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सभी संलग्न क्षेत्रीय कार्यालयों को ई-मेल करने हेतु तथा विभागीय बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

26/9/25
**सरकार के उप सचिव**

D:\BUDGET-2025\MISLENIOUS- 25.DOCX